



॥ श्रीः ॥

चौखम्बा सुरभारती ग्रन्थमाला
२२

महाकविदण्डिविरचितं

दशकुमारचरितम्

(पूर्वपीठिकामात्रम्)

'चन्द्रिका'-'कमला'-संस्कृत-हिन्दीव्याख्याद्वयोपेतम्



व्याख्याकारः—
डॉ० श्रीकृष्णमणि त्रिपाठी
अध्यापकचरप्राध्यापकः, पुराणेतिहास-भूगोल-संस्कृति-विभागाध्यक्षश्च
वाराणसेय श्रीसम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालयस्य



चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
वाराणसी

॥ श्रीः ॥

चौखम्बा सुरभारती ग्रन्थमाला

२२

महाकविदण्डिविरचितं

दशकुमारचरितम्

(पूर्वपीठिकामात्रम्)

'चन्द्रिका'-'विमला'-संस्कृत-हिन्दीव्याख्याद्वयोपेतम्



व्याख्याकारः—

डॉ० श्रीकृष्णमणि त्रिपाठी

लब्धावकाशप्राध्यापकः, पुराणेतिहास-भूगोल-संस्कृति-विभागाध्यक्षश्च

वाराणसेय श्रीसम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालयस्य



चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन

वा रा ण सी.

प्रकाशक—
चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
(भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक)
के० ३७/११७, गोपालमन्दिर लेन
पोस्ट बाक्स नं० १२९
वाराणसी २२१००१

तृतीय संस्करण १९८२
मूल्य ६-००

अन्य प्राप्तिस्थान—
चौखम्बा विद्याभवन
(भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक)
चौक (बनारस स्टेट बैंक भवन के पीछे),
पोस्ट बाक्स नं० ६९
वाराणसी २२१००१

मुद्रक—
श्रीजी मुद्रणालय
वाराणसी

प्रस्तावना

संस्कृतभाषा का काव्यसाहित्य विषय एवं रचनाशैली के विकास की दृष्टि से तीन श्रेणियों में विभक्त किया जा सकता है। पहली श्रेणी के काव्य रामायण तथा महाभारत हैं। दूसरी श्रेणी का प्रतिनिधित्व कालिदास की कृतियाँ करती हैं और तीसरी श्रेणी में कालिदास के बाद की रचनाएँ आती हैं।

रामायण एक आदर्श कोटि का आदि महाकाव्य है, जिसमें धर्म, कर्म, समाज, राजनीति, संस्कृति आदि विषयों का एक साथ समावेश है। इसी प्रकार महाभारत भी भारतीय ज्ञान-विज्ञान का ऐतिहासिक सर्वाङ्गपूर्ण महाकाव्य ही है, जिसके सम्बन्ध में स्वयं ग्रन्थकार ने ही अनुशासन पर्व में कहा है कि धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष के सम्बन्ध में जो यहाँ विवेचन हुआ है, वही अन्यत्र भी वर्णित है। जिसका विवेचन यहाँ नहीं हो सका है, उसका वर्णन अन्यत्र भी उपलब्ध नहीं है—

धर्मे चार्थे च कामे च मोक्षे च भरतर्षभ।
यदिहास्ति तदन्यत्र यन्नेहास्ति न तत् क्वचित् ॥ (६२।५३)

कविवर कालिदास की कृतियों का अपना स्वतन्त्र अस्तित्व है। परवर्ती काव्यप्रणेताओं ने प्रयास करने पर भी इनका काव्यकौशल न अपना पाया है। कालिदास की साहित्यिक योग्यता तथा श्रेष्ठता भावों के अभिव्यक्तीकरण में है। इनका भावविधान अत्यन्त संयत, मौलिक, सामयिक एवं समाकर्षक है।

किन्तु कालिदास के अनन्तर काव्यकारों में आत्माभिव्यञ्जन एवं रचनाशिल्प की प्रबलता प्रतीत होती है। इस श्रेणी के आरम्भिक कवियों की कृतियों में भाव और भाषा का एक जैसा समावेश है। यद्यपि कालिदास कलापक्ष का निर्माण कर चुके थे, पर इनके बाद के काव्यकारों ने रचनात्मक शक्ति तथा आलङ्कारिक सौन्दर्य का समावेश जिस रूप से अपनी रचनाओं में किया है, वैसा कालिदास में नहीं। इस श्रेणी के कवियों ने तो काव्य के कलापक्ष को इतना महत्त्व दिया है कि भावपक्ष दब-सा गया है। इस श्रेणी के काव्यग्रन्थों में भावविन्यास के स्थान पर भावुकता की प्रधानता, स्वाभाविक प्रवाह की जगह कल्पना की उड़ान तथा अनुभूति की जगह पाण्डित्यप्रदर्शन की भावना अधिक है।

काव्य का विषय बहुत व्यापक है। एक ही काव्यविषय के अन्तर्गत काव्य, महाकाव्य, खण्डकाव्य, गीतिकाव्य, नीतिकाव्य, भक्तिकाव्य, ऐतिहासिक काव्य, चम्पूकाव्य, कथाकाव्य, सुभाषितकाव्य, गद्यकाव्य नाटक आदि अनेक विषयों का समावेश हो जाता है।

काव्य का प्रयोजन

प्रयोजन के बिना किसी भी कार्य में प्रवृत्ति नहीं होती है। अतः साहित्य-ग्रन्थों में काव्य के अनेक प्रयोजन कहे गये हैं। कुछ लोगों की धारणा है कि काव्य प्रायः शृङ्गारात्मक होने के कारण विषयी लोगों के मनोरञ्जन का साधन-मात्र है, किन्तु यह ठीक नहीं, क्योंकि काव्य के अध्ययन से धार्मिक, नैतिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, दार्शनिक एवं व्यावहारिक ज्ञान की भी शिक्षा होती है। सत्काव्य के अनुशीलन से सभी मनोभिलाष पूर्ण हो सकते हैं। भामह ने अपने काव्यालङ्कार में धर्म, अर्थ और काम के अतिरिक्त सत्काव्य को मोक्ष का साधन तथा विभिन्न कलाओं के ज्ञान का कारण भी माना है—

धर्मार्थकाममोक्षाणां वैचक्षण्यं कलासु च।
प्रीतिं करोति कीर्तिं च साधुकाव्यनिषेवणम् ॥ (का. १।२)

आत्मज्ञान के लिए वेदों में, धर्म के लिए धर्मशास्त्रों में और नीति के लिए नीतिग्रन्थों में प्रचुर उपदेश हैं, किन्तु उनका मार्ग अत्यन्त गूढ़, दुर्गम एवं दुर्बोध होने के कारण उनमें प्रवेश पाना दुष्प्राप्य है। वेद में प्रभुसमित शब्द हैं, वे राजाज्ञा के समान आत्मज्ञान का उपदेश करते हैं। और धर्मशास्त्र में सुहृत्संमित शब्द हैं, जो मित्र की तरह हित एवं अहित को समझाते हैं, किन्तु जो लोग उनके उपदेशों में रुचि नहीं रखते, ऐसे लोगों को उनके द्वारा शिक्षा पाना कठिन है। अतः उनके निमित्त काव्य द्वारा ही सदुपदेश उपयुक्त हो सकता है, क्योंकि काव्य में कान्तासंमित शब्द हैं। जिस प्रकार कामिनी अपने प्रियतम को हावभाव, कटाक्ष आदि की मधुरता से अनुरक्त करके अपने अनुकूल कर लेती है, उसी प्रकार सत्काव्य भी वेदशास्त्रों से विमुख जनों को अपने मधुर शृङ्गारादि रसों की सरसता से अपने में अनुरक्त करके सदुपदेश देता है। काव्य द्वारा उपदेश रुचिपूर्वक सेवन किया जा सकता है। अतः निर्विवाद सिद्ध है कि काव्य का अध्ययन मनोरञ्जन मात्र नहीं, किन्तु अत्युत्तम प्रयोजनीय सहज और सुख-साध्य होने के कारण अन्य मार्गों से विलक्षण है।

अनादि काल से इस भूमण्डल पर असंख्य राजा-महाराजा एवं यशस्वी सम्राट हो गये हैं, किन्तु उनमें से जिनके विषय में कुछ नहीं लिखा गया है, उनका कुछ भी स्मृतिचिह्न अवशेष नहीं है, किन्तु जिनका चरित्र काव्यों में अङ्कित है उन्हीं का सुयश चिरस्थायी रह गया है। विल्हण ने ठीक ही कहा कि जिस राजा के दरबार में बड़े बड़े कविराज नहीं रहते उनके यश का प्रसार नहीं होता—

महीपतेः सन्ति न यस्य पार्श्वे कवीश्वरास्तस्य कुतो यशांसि ।
भूपाः कियन्तो न बभूवुरुर्व्यां नामापि जानाति न कोऽपि तेषाम् ॥ (१।२६)

इसीलिए मम्मटाचार्य ने काव्य का प्रयोजन सुयश का लाभ, अर्थ की प्राप्ति, लोकव्यवहार का ज्ञान, दुःख की निवृत्ति, ब्रह्मानन्द के समान सुख की उपलब्धि और कान्तासम्मित सदुपदेश का लाभ बतलाया है—

काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये ।
सद्यः परनिवृतये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे ॥ (का० प्र० १।१)

गद्यकाव्य की परम्परा

प्रमुख रूप से काव्य के तीन भेद माने गये हैं—पद्यकाव्य, गद्यकाव्य तथा (चम्पूमिश्रितकाव्य)। संस्कृतसाहित्य में गद्य की परम्परा वैदिक संहिताओं के समान प्राचीन कही जाती है। पद्य की अपेक्षा गद्य को संस्कृतसाहित्य में अधिक महत्त्व दिया जाता है, क्योंकि गद्य में लेखक को अपने भावों को अभिव्यक्त करने की पूर्ण छूट है, किन्तु पद्य में छन्द, अक्षर, ह्रस्व, दीर्घ आदि का बन्धन रहने से लेखक को उतनी स्वतन्त्रता नहीं रहती है। इसलिए गद्य के सम्बन्ध में यह उक्ति है—"गद्यं कवीनां निकषं वदन्ति"। गद्य कवियों के लिए एक कसौटी है, जिसमें जितना प्रबल वैदुष्य रहेगा, वह कवि उतना ही उत्तम गद्य लिख सकता है।

वेद, ब्राह्मण, उपनिषद्, निरुक्त, महाभारत, पुराण, महाभाष्य प्रभृति ग्रन्थों से संस्कृतभाषा के गद्य को संवर्द्धनशील परम्परा प्राप्त हुई है। आगे चलकर टीकाओं, कथाकाव्यों, आख्यायिका ग्रन्थों तथा चम्पू, नाटक आदि में भी गद्य का प्रौढ़ रूप सामने आया है। यहाँ तक कि तत्त्वज्ञानसम्बन्धी दार्शनिक ग्रन्थों में, ज्योतिषशास्त्रों में तथा व्याकरण के ग्रन्थों में भी गद्य को फूलने-फलने और अपना विकास करने की पूरी सुविधाएँ प्राप्त रही हैं।

ऐतिहासिक गवेषणाओं से प्रतीत होता है कि भारतीय साहित्य के प्राचीनतम अंश वैदिक वाङ्मय में गाथाओं का अस्तित्व बड़ा ही प्रभावोत्पादक एवं महत्त्वपूर्ण

रहा है। वैदिक साहित्य के क्षेत्र में गाथा, आख्यान, इतिहास एवं पुराणों का स्पष्ट उल्लेख है, जो धार्मिक संस्कारों या यज्ञ के अवसरों पर सुनाये जाते थे। इनमें गद्य के साथ पद्यों का भी मिश्रण है।

गद्यभाषा की प्राचीनतम गाथा एवं आख्यायिकाएँ आज हमें उपलब्ध नहीं हैं, फिर भी पुराने ग्रन्थ इस सम्बन्ध में हमें पर्याप्त विवरण कर देते हैं। सुप्रसिद्ध वैयाकरण वार्तिककार कात्यायन (४०० ई० पू०) हमें आख्यायिका से सुपरिचित जान पड़ते हैं। दूसरे महावैयाकरण महाभाष्यकार भगवान् पतञ्जलि (२०० ई० पू०) के सम्बन्ध में ऐसा विश्वास है कि वे वासवदत्ता, सुमनोत्तरा, और भैमरथी नामक आख्यायिकाओं को अपने हाथों से उलट-पुलट चुके थे। उनका पाणिनीय सूत्र का महाभाष्य तो गद्य की समृद्धि का पूर्ण परिचायक है। रुद्रदामन् का गिरनार शिलालेख (१५० ई०), गुप्तकालीन शिलालेख और विभिन्न स्थानों से उपलब्ध सैकड़ों अभिलेखों को देखकर गद्य के प्राचीन अस्तित्व का सहज में ही अन्दाज लगाया जा सकता है। कथाकार बाणभट्ट ने एक सिद्ध-हस्त गद्यकार भट्टारक का नाम उद्धृत किया है। इसी प्रकार जल्हण के कथनानुसार वररुचिकृत चारुमती, रोमिल्ल सौमिल्लकृत शूद्रककथा, तिलकमञ्जरीकार धनपाल के कथनानुसार श्रीपालिकृत तरङ्गवती कथा तथा आन्ध्रभृत्य सातवाहन राजाओं के समय में लिखे गये शातकर्णीहरण, नमावन्ती कथा आदि ग्रन्थ भी प्राचीन गद्य की परम्परा का समर्थन करते हैं।

इन कथाकृतियों के कारण ही दण्डी, सुबन्धु, बाणभट्ट जैसे अद्भुत गद्यकारों की प्रतिभा को हम पा सके हैं। दण्डी, सुबन्धु और बाणभट्ट ये तीनों ही संस्कृत के गद्यवैभव के स्वामी हैं। फिर भी यह स्मरणीय है कि इनके पूर्व भी संस्कृत के गद्यलेखन की परम्परा अवश्य विद्यमान थी।

दर्शनशास्त्र के क्षेत्र में शास्त्रीय गद्य का अवतरण करनेवाले तीन विद्वानों शबरस्वामी (४०० ई०), स्वामी शङ्कराचार्य (७०० ई०) तथा जयन्तभट्ट (९०० ई०) के नाम उल्लेखनीय हैं। प्रौढ़ मीमांसक शबरस्वामी का 'कर्म-मीमांसाभाष्य', स्वामी शङ्कराचार्यकृत ब्रह्मसूत्र, गीता एवं उपनिषदों का भाष्य, सुप्रसिद्ध नैयायिक जयन्तभट्ट कृत न्यायमञ्जरी आदि दर्शन ग्रन्थ गद्य का परिष्कृत एवं सुसंस्कृत रूप उपस्थित करते हैं।

गद्यकाव्य के क्षेत्र में इस प्रकार के प्रबुद्धशील, लोकप्रिय, प्राञ्जल तथा अनुकरणीय श्लाघ्य गद्य का प्रवर्तन दण्डी, सुबन्धु और बाणभट्ट की कृतियों से

लक्षित होता है। यद्यपि गद्य का वैभवशाली रूप, जिससे संस्कृत भाषा को आगे बढ़ाने का पर्याप्त सुअवसर मिला, हमें दण्डी, सुबन्धु तथा बाणभट्ट की रचनाओं में मिलता है, फिर भी यह सुनिश्चित मत है कि गद्य की परम्परा दण्डी आदि से भी पहले की है। दण्डी, सुबन्धु और बाणभट्ट इन तीनों गद्यकार कवियों ने अपनी-अपनी स्वतन्त्र शैलियों को दिया, जो अत्यन्त ही रोचक थी, फिर भी आगे के गद्यकार कवि इनका ठीक-ठीक अनुकरण करने में समर्थ न हो सके।

कथा-आख्यायिका

आचार्य दण्डी के काव्यशास्त्रविषयक ग्रन्थ काव्यादर्श में गद्य के भेदोपभेदों की प्रचुर चर्चा है। दण्डी ने गद्य के दो भेद किये हैं—(१) कथा तथा आख्यायिका। कथा कल्पना की आधारभित्ति पर अवलम्बित होती है और आख्यायिका में ऐतिहासिक तथ्यों का स्पष्टीकरण रहता है। अमरसिंह ने भी अपने अमरकोश में कहा है —'आख्यायिकोपलब्धार्था प्रबन्धकल्पना कथा' कथा का वक्ता जहाँ लेखक होता है, वहाँ आख्यायिका में उसके विपरीत नायक ही स्वयं वक्ता होता है। इस दृष्टि से आख्यायिका एक प्रकार से आत्मकथा के अन्तर्गत आ जाती है। आख्यायिका अध्यायों या उच्छ्वासों में विभक्त होती है और कहीं-कहीं उसमें पद्य भी समावेश रहता है, किन्तु कथा में यह सब नहीं होता है। कथा का विषय अपहरण, युद्ध, वियोग तथा प्रकृतिवर्णन से सम्बद्ध रहता है, परन्तु आख्यायिका में इन बातों का होना आवश्यक नहीं है। कथा एवं आख्यायिका में यह मौलिक भेद होते हुए भी वे गद्य के ही दो रूप हैं।

आचार्य दण्डी का समय

आचार्य दण्डी लौकिक संस्कृत साहित्य के प्रथम गद्यकार कवि हैं। दण्डी के देश-काल के सम्बन्धी तथ्यों की खोज निकालने में कुछ विद्वानों के बीच बड़ा ही मतभेद है, उनके सम्बन्ध में इतना तो स्पष्ट रूप से सिद्ध हो चुका है कि वे दाक्षिणात्य और सम्भवतः विदर्भदेशीय (बरारनिवासी) थे। इसकी पुष्टि के लिए कहा जाता है कि आचार्य दण्डी ने अपने काव्यादर्श में दक्षिण भारत के मलयानिल (२.१७४), काञ्ची (३।११४), कावेरी (३।१६६) और चोल (३।१६६) आदि स्थानों का वर्णन किया है। ऐसे ही आधारों पर दण्डी के दाक्षिणात्य होने की कल्पना की जाती है। दण्डी की वर्णनशैली भी वैदर्भीरीति-प्रधान है, जो काश्मीर प्रान्त के साहित्यिकों से भिन्न प्रतीत होता है। दशकुमार-चरितात्मक दण्डी का गद्यात्मक काव्य वैदर्भीरीति प्रधान है।

दण्डी की अन्तिम सीमा के लिए अन्य ग्रन्थों में निम्नलिखित आधार प्राप्त होते हैं।

(१) अभिनवगुप्ताचार्य ने (१००० ई०) ध्वन्यालोक की व्याख्या 'लोचन' में लिखा है—यथाह दण्डी—गद्यपद्यमयी चम्पूः (३।७)।

(२) प्रतिहारेन्दुराज ने (९२५ ई०) उद्भटाचार्य के 'काव्यालङ्कार-सारसंग्रह' की लघुवृत्ति में लिखा है 'अतएव दण्डिना लिम्पतीव' इत्यादि।

(३) वामन (८०० ई०) के काव्यालङ्कारसूत्र में दण्डी के 'काव्यादर्श' की तुलना नामक विवेचना द्वारा प्रतीत होता है कि दण्डी वामन से प्राचीन हैं। दण्डी वैदर्भी एवं गौड़ी दो ही मार्ग (रीति) बतलाते हैं—तत्र वैदर्भगौडीयौ (१।४०), किन्तु वामन ने उनमें एक पाञ्चाली और बढ़ाकर तीन रीतियाँ बतलायी हैं।

इन आधारों पर दण्डी की अन्तिम सीमा ८०० ई० के आसपास है। पीटरसन, याकोबी, बेलवलकर और बर्नेट प्रभृति विद्वानों ने दण्डी को विभिन्न तिथियों में रखा है। वास्तविकता तो यह है कि उक्त विद्वानों के मतानुसार आचार्य दण्डी न तो बाणभट्ट के परवर्ती थे, न भामह के पूर्ववर्ती, किन्तु केवल काणे ने पूर्ववर्ती माना है।

दण्डी और बाणभट्ट के कालज्ञान के लिए सबसे बड़ा पुष्ट प्रमाण दशकुमार-चरित उपस्थित करता है। उसमें जो भगौलिक चित्रण तथा राजनीतिक वातावरण है, वह सम्राट् हर्षवर्धन (सातवीं शती) के राज्यकाल से पहले के भारत का है। अतः हम दण्डी को छठी शताब्दी के बाद मानने के पक्ष में नहीं हैं। यही बात अधिकतर पाश्चात्य विद्वान् मैक्समूलर, वेबर, मैकडोनल, जैकोबी आदि भी स्वीकार करते आये हैं। डॉ० काणे दण्डी को ६०० ई० के समीप मानते हैं तथा अन्य इतिहासकार इन्हें सातवीं शती में मानते हैं। इन दोनों मतों में काणे का मत कुछ शिथिल-सा प्रतीत होता है।

आचार्य दण्डी के बाद कथाकाव्य के क्षेत्र में सुबन्धु तथा बाणभट्ट में से कौन पहले हुआ, इस सम्बन्ध में भी पर्याप्त मतभेद है। कुछ विद्वानों की राय है कि सुबन्धु ने कई घटनाओं, पदों एवं शब्दों को बाणभट्ट की रचनाओं से ग्रहण किया है। इसके विपरीत काणे महोदय ने कादम्बरी की अंग्रेजी भूमिका में सुबन्धु तथा बाणभट्ट के स्थिति-काल के सम्बन्ध में जो तर्क एवं प्रमाण उपस्थित किये हैं,

उनके अनुसार बाणभट्ट के हर्षचरित में जिस वासवदत्ता का उल्लेख किया गया है, वह पतञ्जलि द्वारा उद्धृत कृति न होकर सुबन्धु की कृति वासवदत्ता ही है।

सुबन्धु और बाणभट्ट की स्थिति को स्पष्ट करने के लिए हमारे पास पहला प्रमाण तो यह है कि कविराज ने अपने महाकाव्य राघवपाण्डवीयम् में सुबन्धु को पहले तथा बाणभट्ट को बाद में रखा है। इसके अतिरिक्त वाक्पतिराय ने अपने प्राकृत काव्य 'गउडवहो' में सुबन्धु का नाम बड़े आदर के साथ उद्धृत किया है, किन्तु बाणभट्ट का उसमें संकेत नहीं है, क्योंकि बाणभट्ट उस समय तक उतनी ख्याति नहीं प्राप्त कर पाये थे, जितनी ख्याति सुबन्धु ने अर्जित की थी।

कीथ के मतानुसार दशकुमार का भूगोलचित्रण हर्षवर्धन के पूर्व भारत के वर्णन से साम्य रखता है। दशकुमार की भाषा प्रणाली तथा वर्णनशाली आचार्य दण्डी के सुबन्धु और बाणभट्ट के पूर्व में होने की सूचना देती है।

सुबन्धु की वासवदत्ता के उल्लेख के साथ-साथ भवभूति के 'मालतीमाधव' (७०० ई०) प्रसिद्ध नैयायिक उद्योतकर (७०० ई०) और बौद्धाचार्य (७०० ई०) धर्मकीर्ति आदि ग्रन्थकारों का सिद्धान्त परिशीलन करके डा० कीथ ने अपने हिस्ट्री आफ संस्कृत लिटरेचर नामक ग्रन्थ में सुबन्धु के स्थितिकाल की पूर्व सीमा सातवीं शताब्दी के आरम्भ में स्थिर की है। अतः सुबन्धु का समय उद्योतकर और धर्मकीर्ति के बाद तथा बाणभट्ट के पूर्व किसी समय होना चाहिए।

सुबन्धु की कृतियों में 'वासवदत्ता' ही गद्य की एकमात्र कृति है। इस प्रकार दण्डी और सुबन्धु के बाद बाणभट्ट का क्रम आता है। बाणभट्ट संस्कृत साहित्य के उन यशस्वी विद्वानों में से हैं, जिनके कारण संस्कृत भाषा को विश्व की उच्चतम भाषाओं में स्थान मिला है। संस्कृत साहित्य के उन इने-गिने ग्रन्थ निर्माताओं में बाणभट्ट का नाम उल्लेखनीय है, जिन्होंने अपने सम्बन्ध में भी कुछ बातें कहकर इतिहासकारों को अधिक मदद दी है। 'हर्षचरित' प्रथम तीन उच्छ्वासों और कादम्बरी के आरम्भ में बाणभट्ट ने आत्मकथा तथा अपने वंश का सुन्दर परिचय दिया है।

यह सुप्रसिद्ध है कि बाणभट्ट सम्राट् हर्षवर्धन की विद्वत्सभा के एक उज्ज्वल रत्न थे। तत्कालीन चीनी यात्री ह्वेनसांग ने ६२९-६४५ ई० के बीच भारत का भ्रमण किया, जिसने हर्ष के राज्य का आँखों देखा इतिवृत्त बताया है। इसके अतिरिक्त तत्कालीन ताम्रपत्रों एवं शिलालेखों से भी ज्ञात होता है कि हर्ष

का राज्याधिरोहण अक्टूबर ६०६ ई० में और उनका शरीरान्त ६४५ ई० में हुआ था।

बाणभट्ट का समय सातवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध है। उस समय गुप्तकालीन संस्कृति पूर्ण रूप से विकसित हो चुकी थी। एक प्रकार से स्वर्णयुग की वह संस्कृति अपनी सान्ध्य वेला आ गयी थी और सातवीं शती में उसका बाह्य रूप भली भाँति पुष्पित, फलित एवं प्रतिमण्डित था। धर्म, दर्शन, कला, राजनीति, आचार-विचार आदि की दृष्टि से बाणभट्ट के अधिकांश उल्लेख गुप्तकालीन संस्कृति पर भी प्रकाश डालते हैं।

गद्यकाव्य के लिए बाणभट्ट ने कादम्बरी और हर्षचरित दो ग्रन्थ दिये हैं। कादम्बरी सभी ग्रन्थों में सर्वोच्च एवं सर्वाधिक लोकप्रिय ही नहीं, प्रत्युत समस्त संस्कृत साहित्य में प्रथम श्रेणी का उत्कृष्ट गद्यकाव्य है।

हिन्दुओं का पवित्र तीर्थ काञ्चीनगरी के पल्लवनरेश की छत्रच्छाया में दण्डी का सुखमय समय बीतने के कारण दण्डी का समय षष्ठ शताब्दी का उत्तरार्द्ध और सातवीं शती का पूर्वार्द्ध माना जाता है।

वस्तुतः अन्तःसाक्ष्य एवं बाह्य प्रमाणों के आधार पर गद्यकाव्य के क्षेत्र में प्रथम सुबन्धु, द्वितीय दण्डी और तृतीय बाणभट्ट का स्थान है। इनका समय छठी शती के आरम्भ से लेकर सातवीं शती के उत्तरार्द्ध तक माना जाता है।

काव्यशास्त्र के अभ्युदय का एकमात्र प्रयोजन है, काव्य के अन्तस्तत्त्व का पता लगाना। भारतीय काव्यशास्त्रियों ने काव्य की उस आधारभूत परम सत्ता को पृथक्-पृथक् रूप में देखा है। काव्यशास्त्र की आत्मा की खोज में ही विभिन्न अङ्गों का विवेचन हुआ है।

आचार्य भरत से लेकर पण्डितराज जगन्नाथ तक काव्यशास्त्र की परम्परा अत्यन्त उत्कर्ष पर रही और इस बीच विभिन्न मतावलम्बी आचार्यों ने अपने-अपने सिद्धान्तों की प्रतिष्ठा के लिए आलोचना-प्रत्यालोचना के क्षेत्र में भाग लिया।

आचार्य भामह से काव्यशास्त्र की उन्नत परम्परा का आरम्भ माना जाता है। भामह के काव्यालङ्कार में कुछ पूर्वाचार्यों का नाम आया है, किन्तु अपने क्षेत्र का ऐसा पहला उपलब्ध ग्रन्थ उन्हीं का है, जिसमें काव्यशास्त्र की विधियों का वैज्ञानिक ढङ्ग से वर्गीकरण किया हुआ है और उसी ग्रन्थ से काव्यशास्त्र की आत्मा को स्वतन्त्र दिशा में विकसित होने का सुयोग मिला है।"

भामह की अपेक्षा उत्तरवर्ती काव्यशास्त्रियों में आचार्य दण्डी का प्रमुख स्थान है। उनकी कृति अवन्तिसुन्दरी कथा के उपलब्ध हो जाने पर उनकी वंशावली का पूर्ण परिचय प्राप्त हो जाता है। तदनुसार दण्डी का स्थितिकाल छठी शताब्दी है।

काव्यशास्त्र के वृहद् भाग के निर्माण का श्रेय काश्मीरी विद्वानों को है। प्राचीन काव्यशास्त्रियों में आचार्य दण्डी ही एक ऐसे विद्वान् हैं, जो काश्मीरी न होकर दाक्षिणात्य थे। यद्यपि भोजदेव जैसे विद्वान् भी काश्मीरी नहीं थे, फिर भी उनकी गणना शीर्षस्थ विद्वानों की कोटि में थी। अपने जन्म से काश्मीर भूमि को अलंकृत करनेवाले विद्वानों में भामह, उद्भट, वामन, आनन्दवर्द्धन, कुन्तक, महिमभट्ट, अभिनवगुप्त, मम्मट और रुय्यक आदि प्रमुख हैं।

दण्डी की कृतियाँ

आचार्य दण्डी की उत्पत्ति, रचना तथा समय निर्द्धारण के सम्बन्ध में विद्वानों का महान् मतभेद है। अवन्तिसुन्दरी कथा के आधार पर इनके जीवनचरित का कुछ आभास मिलता है। आचार्य दण्डी किरातार्जुनीय महाकाव्य के प्रणेता कविवर भारवि के प्रपौत्र थे। दण्डी कवि के पितामह का नाम मनोरथ था तथा पिता का नाम वीरदत्त था। वीरदत्त चार भाइयों में सबसे छोटे थे और न्यायशास्त्र के निष्णात विद्वान् थे। दण्डी की माता का नाम गौरी था—

मनोरथाह्वयस्तेषां मध्यमो वंशवर्द्धनः।
ततस्तनूजाश्चत्वारः चत्वारो वेदा इवाभवन् ॥
श्रीवीरदत्त इत्येषां मध्यमो वंशवर्द्धनः।
यवीनस्य च श्लाघ्या गौरीनामाभवत् प्रिया ॥
ततः कथंचित् सा गौरी द्विजाधिपशिरोमणेः।
कुमारं दण्डिनामानं व्यक्तशक्तिमजीजनत् ॥

दुर्दैववश दण्डी बाल्यावस्था में ही मातृ पितृविहीन हो गये, फिर भी शिक्षित परिवार में जन्म होने के कारण ये प्रकाण्ड विद्वान् हुए।

यह जनश्रुति प्रसिद्ध है कि ये काञ्ची (काञ्जीवरम्) के शैवधर्मावलम्बी पुल्लवनरेश रामवर्मा के सभापण्डित थे और उनके राजकुमार को शिक्षित करने के लिए इन्होंने अपने प्रख्यात ग्रन्थ काव्यादर्श की रचना की थी। कवयित्री विद्या, विज्जा या विज्जका के नाम से निर्दिष्ट एक श्लोक शार्ङ्गधरपद्धति में उपलब्ध है, जिससे सिद्ध होता है कि काव्यादर्श आचार्य दण्डी के द्वारा ही प्रणीत है।

नीलोत्पलदलश्यामां विज्जिकां मामजानता।
वृथैव दण्डिना प्रोक्तं सर्वशुक्ला सरस्वती॥ (१८०)

काव्यादर्श में दण्डी ने मङ्गलाचरण के प्रथम पद्य में 'सर्वशुक्ला सरस्वती' लिखा है। इसी पर अपने को सरस्वती का अवतार माननेवाली कवयित्री विज्जिका का यह व्यङ्ग्यात्मक उपहास है। उसने अपनी विद्वत्ता के गर्व से दण्डी पर व्यङ्ग्य किया है। जल्हणकवि की 'सूक्ति मुक्तावली' में कविवर राजशेखर द्वारा रचित 'शार्ङ्गधर पद्धति' से उद्धृत निम्नाङ्कित श्लोक से मालूम पड़ता है कि कर्नाटक प्रान्त में विजयाङ्का नाम की एक कवयित्री सरस्वती के समान विदुषी महिला हो गयी है, जिसके सम्बन्ध में कहा गया है—

सरस्वतीव कर्णाटी विजयाङ्का जयत्यसौ।
या विदर्भगिरां वासः कालिदासादनन्तरम्॥ (१८४)

संभवतः यह विख्यात कर्णाटी वही भट्टारिका विजयाङ्का है, जो चन्द्रादित्य की महारानी थी। चन्द्रादित्य द्वितीय पुलकेशिन के पुत्र थे, जिनका समय ६६० ई० है। इस आधार पर दण्डी की अन्तिम सीमा विज्जिका पूर्व चली आती है।

इसके अतिरिक्त सुबन्धुप्रणीत वासवदत्ता में 'छन्दोविचितिरिव मालिनीसनाथा' छन्दोविचिति शब्द का प्रयोग मिलता है। इस आधार पर कुछ विद्वानों का मत है कि दण्डी के 'छन्दोविचित्यां सकलः तत्प्रपञ्चो निदर्शितः'। इस वाक्य में दण्डी ने अपने जिस छन्दोविचिति नामक छन्दो-ग्रन्थ का निर्देश किया है, उसी के विषय में उपर्युक्त सुबन्धु का वाक्य है। यदि यह कल्पना ठीक है तो इसके द्वारा भी सुबन्धु के पूर्ववर्ती छठी शताब्दी में ही दण्डी का समय है, जैसा कि पाश्चात्य विद्वान् मॅक्समूलर, वेबर, मेक्डानल और कर्नल जेकप आदि मानते आ रहे हैं।

श्रीरमेशचन्द्र राय, मि० पिटर्सन और जैकोबी का मत है कि दण्डी के काव्यादर्श (२।१९७) में बाण की कादम्बरी का प्रतिबिम्ब है। बाण का समय हर्षवर्द्धन के समकालीन ६०६–६४७ है।

जैकोबी का कहना है कि दण्डी कवि के,

रत्नभित्तिषु संक्रान्तैः प्रतिबिम्बशतैर्वृतः।
ज्ञातः लङ्केश्वरः कृच्छ्रादाञ्जनेयेन तत्त्वतः॥ २।३०२

इस काव्यादर्श के पद्य की शिशुपालवध के निम्नाङ्कित पद्य में समानता है ।

रत्नस्तम्भेषु संक्रान्तप्रतिमास्ते चकाशिरे ।
एकाकिनोऽपि परितः पौरुषेयवृता इव ॥ ३।४

आज को प्रामाणिक गवेषणा के अनुसार आचार्य दण्डी द्वारा प्रणीत तीन ग्रन्थों की उपलब्धि होती है—(१) काव्यादर्श, (२) दशकुमारचरित और (३) अवन्तिसुन्दरी कथा । अन्तिम दोनों ग्रन्थ दशकुमारचरित तथा अवन्तिसुन्दरी-कथा कथाकाव्य हैं और प्रथम काव्यादर्श आचार्यकोटि का ग्रन्थ है, जिसपर अनेक टीकाएँ हैं, जिनमें तरुण वाचस्पति की व्याख्या, किसी अज्ञातनामा विद्वान् की हृदयङ्गमा और नृसिंहदेव शास्त्री की कुसुम प्रतिमा प्रमुख हैं ।

साहित्य के उपलब्ध प्राचीन लक्षण ग्रन्थों में भामह के बाद आचार्य दण्डी का काव्यादर्श ही उपलब्ध है । काव्यादर्श में तीन परिच्छेद हैं—

(१) प्रथम परिच्छेद में काव्य परिभाषा, काव्यभेद, महाकाव्यलक्षण, गद्य के प्रभेद, कथा, आख्यायिका, मिश्रकाव्य, भाषाप्रभेद, वैदर्भ आदि मार्ग, अनुप्रास, गुण और काव्यहेतु का विवेचन है ।

(२) द्वितीय परिच्छेद में संसृष्टि सहित ३५ अर्थालङ्कारों का निरूपण है ।

(३) तृतीय परिच्छेद में यमक, गोमूत्रादि चित्रबन्धकाव्य, प्रहेलिका और दश दोषों का निरूपण है ।

कविवर राजशेखरकृत शार्ङ्गधरपद्धति से भी इसका स्पष्ट समर्थन होता है—

त्रयोऽग्नयस्त्रयो देवाः त्रयो वेदास्त्रयो गुणाः ।
त्रयो दण्डिप्रबन्धाश्च त्रिषु लोकेषु विश्रुताः ॥ १७४

कुछ इतिहासलेखक दशकुमारचरित तथा काव्यादर्श को दण्डीकविप्रणीत मानते हैं और अवन्तिसुन्दरी कथा को अन्य कविकृत कहते हैं । कुछ इतिहासज्ञ अवन्तिसुन्दरी के स्थान पर छन्दोविचिति नामक काव्य को दण्डी का तीसरा काव्य मानने के पक्ष में हैं । इस प्रकार दशकुमारचरित तथा काव्यादर्श तो इनकी निर्विवाद रचनाएँ हैं और अवन्तिसुन्दरी विवादास्पद होते हुए भी इन्हीं की रचना मानी जाती है ।

दशकुमार की समीक्षा

आचार्य दण्डीप्रणीत दशकुमारचरित एक उत्कृष्ट गद्यकाव्य है । इसमें तीन भाग हैं—(१) पूर्वपीठिका, (२) चरित तथा (३) उत्तरपीठिका । पूर्वपीठिका

में पाँच उच्छ्वास हैं, चरितभाग में आठ उच्छ्वास हैं और उत्तरपीठिका में अष्ट उच्छ्वास का उपसंहारमात्र है।

इस काव्य की भाषा ललित तथा मधुर है और साथ ही सुबन्धु और बाणभट्ट की भाषाओं से सरल भी है। इस काव्य का वर्णित कथाभाग सुबन्धु तथा बाणभट्ट के काव्यों के समान पाठकों के स्मृति-पटल पर सदा अङ्कित रहता है।

संस्कृत गद्यकाव्य में शब्दों की कलात्मक वाटिका सजाने में आचार्य दण्डी को अपूर्व सफलता मिली है। दशकुमार में प्रयुक्त शब्दविन्यास एवं पदसमूह अनुचर की तरह दण्डी का अनुगमन करते हैं। सारा दशकुमारचरित सरलतम, मधुर एवं ललित पदों की विलक्षण कलाचातुरी से ओत-प्रोत है। इसमें आनुप्रासिक पदविन्यास एवं शब्दयोजना की छटा दर्शनीय है। यह काव्य श्लेषालङ्कारहीन है और इसमें अन्य उपमा अलङ्कार आदि भी प्रचुरमात्रा में नहीं हैं।

इसके कथानक का उपक्रम पुष्पपुर, राजहंस एवं वसुमती के वर्णन से होता है और मन्त्रिकुमारों की उत्पत्ति का वृत्त, राजवाहन का प्रादुर्भाव, दसों कुमारों की दिग्विजययात्रा, विलास, सोमदत्त, पुष्पोद्भव और राजवाहन का उन-उन कुमारियों के साथ परिणय आदि का प्रसार अतिरोचक ढङ्ग से लिखा गया है। इनके वर्णनों में पाठकों को मुग्ध, आकृष्ट एवं आश्चर्यचकित करने की खूबी है।

दशकुमारचरित के अनुशीलन से यह स्पष्ट होता है कि आचार्य दण्डी व्यावहारिक संस्कृत के सिद्धहस्त कवि हैं। इनके गद्य की शैली सरस, ललित, आनुप्रासिक और प्रसादमयी है। भाषा में स्वाभाविक प्रवाह और यथास्थान मुहावरों का सन्निवेश भी है। चोरशास्त्र, राजनीतिशास्त्र और व्यावहारिक ज्ञान का उपदेश तो पद-पद पर है। कतिपय स्थलों पर कामशास्त्र का वर्णन निपुणतापूर्ण ढङ्ग से हुआ है। कुछ इतिहास के पारंगत विद्वान् उसे अश्लील होने से दोषमय बताते हैं, किन्तु साहित्यिक वर्णन की दृष्टि से उनका उपन्यास गुण ही है। तात्कालिक व्यवहारों की कुटिलताएँ तो इसमें कूट कूटकर भरी पड़ी हैं।

इसमें दीर्घपदविन्यास के अभाव के कारण पाठकों का मनोरञ्जन बराबर होता रहता है। दशकुमारचरित के गद्य में न तो सुबन्धु जैसी श्लिष्टता है, न बाणभट्ट जैसी क्लिष्टता। इसका गद्य तो शिष्ट, संयत, प्राञ्जल एवं सुप्रयुक्त है। अनुप्रासमय पदविन्यास के लालित्य का प्रमुख कारण है। "इसमें आनुप्रासिक चमत्कार के साथ ही यमक अलंकार का सम्प्रवेश भी अत्यन्त मनोहर है। जैसे—

अनवरतयागदक्षिणारक्षितशिष्टविशिष्टविद्यासम्भारभासुरभूसुरनिकरः, वि

चितारातिसन्तापेव प्रतापेन सततंतुलितवियन्मध्यहंसः राजहंसो नाम धनदर्पकन्दर्प-सौन्दर्यसोदर्यहृद्यनिरवद्यरूपो भूपो बभूव। (प्रथम उच्छ्वास)

इस गद्य काव्य में अनुप्रास अलङ्कार के साथ साथ (क) 'तस्य वसुमती, नाम सुमतिः लीलावती कुलशेखरमणी रमणी बभूव (ख) विजितामरपुरे पुष्पपुरे निवसन्त साऽनन्तभोगलालिता वसुमती, वसुमतीव मगधराजेन यथासुखमन्वभावि (ग) ब्रह्मवर्चसेन तुलितवेधसं पुरोधसं पुरस्कृत्य कृत्यविन्महीपतिः कुमारं सुकुमारं जातसंस्कारेण बालालङ्कारेण विराजमानं राजवाहननामानं व्यधत्त' इत्यादि स्थलों में वसुमती, सुमतिः शेखरमणी रमणी, सुकुमारं कुमारम् इन अंशों में यमक का विन्यास सराहनीय है।

इसके अतिरिक्त (क) तत्र वीरभटपटलोत्तरङ्गतुरङ्गः (ख) धीरधिषणाव-धीरितविबुधाचार्यविचार्यसाहित्याः (ग) मया सविनयं सत्कृता स्वश्रा यशो साप्यहृदयतामयासीत्। इत्यादि गद्य खण्ड में आचार्य दण्डी के शब्दशिल्प का सौष्ठव दृष्टिगोचर होता है। दशकुमार के स्थल-स्थल पर दण्डी कवि की उत्प्रेक्षा भी विलक्षण है—जैसे पञ्चम उच्छ्वास में अवन्तिसुन्दरी के प्रथम दर्शन के अवसर पर राजवाहन अपने मन में तर्क करता है—

'ललनाजनं सृजता विधात्रा नूनमेषा घुणाक्षरन्यायेन निर्मिता, नो चेदब्ज-भूरेवंविधो निर्माणनिपुणो यदि स्यात्तर्हि तत्समानलावण्यामन्यां तरुणीं किन्न करोति' यद्यपि अनुप्रास तथा यमक अलंकार के अनवरत निर्वाह के कारण आचार्य दण्डी कवि को कहीं-कहीं दूरान्वयी अर्थ का भी सहारा लेना पड़ा है, फिर भी—

एको हि दोषो गुणसन्निपाते। निमज्जतीन्दोः किरणेष्विवाङ्कः॥

के अनुसार यह काव्योत्कृष्टता का बाधक नहीं है, अपितु शोभादायक ही है।

वस्तुतः अभी तक गद्यकाव्य पदलालित्य की दृष्टि से आचार्य दण्डी के ललित पदवाले दशकुमारचरित की समता अन्य कोई गद्यकाव्य नहीं कर पाया है। इसीलिए एक समालोचक ने तत्तत् कवियों की कृतियों की समीक्षा करते हुए तत्तत् कवियों की विशेषता बतलायी है—

'उपमाकालिदासस्य भारवेरर्थगौरवम्।
दण्डिनः पदलालित्यं त्रयोऽप्येकैकताऽधिकाः॥'

अतः दशकुमारचरित में प्रयुक्त पदलालित्य आचार्य दण्डी की काव्यकला का मापदण्ड माना जाता है।

दशकुमारचरित के सम्बन्ध में विभिन्न मत

कुछ समालोचक विद्वानों के विचार से दशकुमारचरित एक कवि की कृति नहीं है, उनके विचारानुसार यह दो कवियों द्वारा लिखा गया है। इस विचार के विद्वान् पूर्वपीठिका के लेखक को भिन्न मानते हैं तथा उत्तरपीठिका के लेखक को भिन्न कहते हैं। ये तर्क उपस्थित करते हैं कि पूर्वपीठिका तथा उत्तरपीठिका के सूक्ष्म निरीक्षण करने पर दोनों में साम्य नहीं है। कुछ समीक्षक तो दशकुमार को दण्डी कृत मानते ही नहीं, वे उत्तरपीठिका को पद्मनामककविकृत मानते हैं। वस्तुतः इस प्रकार ऊलजलूल कल्पनाओं से कोई लाभ नहीं, इसमें कोई सन्देह नहीं कि दशकुमारचरित दण्डिकविकृत ही है।

दशकुमारचरित की तीन प्राचीन टीकाएँ हैं—(१) शिवराम पण्डितकृत भूषण (२) कवीन्द्राचार्य की पदचन्द्रिका और (३) भानुचन्द्र की लघुदीपिका। ये टीकाएँ पूर्वपीठिका पर नहीं हैं। इस आधार पर कुछ विद्वान् दशकुमार की पूर्वपीठिका को दण्डीप्रणीत नहीं मानते हैं। पर प्राचीनता के अनुयायी समीक्षक विद्वानों ने पूर्वपीठिका एवं उत्तरपीठिका सहित समस्त दशकुमारचरित को आचार्य महाकवि दण्डी की ही कृति मानते हैं।

कृतज्ञताप्रकाश

मैं हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी के सं० महाविद्यालय के डाँ० विश्वनाथ पाण्डेय का अत्यन्त आभारी हूँ, जिन्होंने प्रेसकापी तैयार कर इस टीकाद्वयोपेत दशकुमारचरित के सम्पादन में मनसा, वाचा एवं कर्मणा बड़ी तत्परता से सहयोग देकर इस ग्रन्थ को इस रूप में पाठकों के सामने प्रस्तुत किया है।

राजनीतिक, व्यावहारिक, सुबोध एवं प्राञ्जल ललित पदों से सम्पन्न आचार्य दण्डीकविद्वारा प्रणीत दशकुमारचरित की पूर्वपीठिका को संस्कृत एवं राष्ट्रभाषा में यह संस्करण प्रकाशन कर चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन ने बहुत बड़े अभाव की पूर्ति की है। इनकी सुरभारती की सेवा स्तुत्य है। आशा है परीक्षार्थी छात्र एवं इस ललित गद्यकाव्य दशकुमारचरित के रसिक विद्वान् इससे लाभ उठाकर प्रकाशक के प्रयास को सफल बनाने का अवश्य अनुग्रह करेंगे।

बसन्तपञ्चमी
१९७७

विनीत,—
श्रीकृष्णमणि त्रिपाठी

॥ श्रीः ॥

दशकुमारचरितम्

पूर्वपीठिका

प्रथमोच्छ्वासः

ब्रह्माण्डच्छत्रदण्डः शतधृतिभवनाम्भोरुहो नालदण्डः
क्षोणीनौकूपदण्डः क्षरदमरसरित्पट्टिकाकेतुदण्डः ।

'समाप्तिकामो मङ्गलमाचरेत्' इति शिष्टाचारमनुसरन् तत्रभवान् कविकुलचूडामणिः आचार्यदण्डी प्रारब्धुमिष्टस्य दशकुमारचरिताख्यस्य गद्यकाव्यस्य विघ्नव्यूहविनाशाय भगवद्वामनचरणारविन्दस्मरणरूपं वस्तुनिर्देशात्मकं मङ्गलमुपक्रमते ब्रह्माण्डेत्यादिना ।

अन्वयः—ब्रह्माण्डच्छत्रदण्डः, शतधृतिभवनाम्भोरुहो नालदण्डः, क्षोणीनौकूपदण्डः, क्षरदमरसरित्पट्टिकाकेतुदण्डः, ज्योतिश्चक्राक्षदण्डः, त्रिभुवनविजयस्तम्भदण्डः, त्रिबुधद्वेषिणां कालदण्डः, त्रैविक्रमः, अङ्घ्रिदण्डः, ते श्रेयः वितरतु ।

व्याख्या—ब्रह्माण्डम् = विश्वम् एव छत्रम् = आतपत्रम् तस्य दण्डः = आधार-

---

इस विश्व में कार्य और कारण दोनों का सम्बन्ध नियत है। कारण के बिना कोई कार्य संभव नहीं हो सकता। कारण रहने पर भी कभी-कभी कार्य नहीं हो पाता है, क्योंकि दैवात् उसका कोई प्रतिबन्धक उपस्थित हो जाता है। उस कार्यप्रतिबन्धक को दूर करने के लिए ही दैवी शक्ति की आराधना, स्मरण, नमस्कार आदि किया जाता है? परिणामस्वरूप इष्ट देवता की अनुकम्पा से कार्यप्रतिबन्धक के दूर हो जाने पर कार्यसिद्धि अवश्य हो जाती है। इसी भावमय अभिप्राय से उद्बुद्ध होकर लेखक अपने ग्रन्थों के आरम्भ में मङ्गलाचरण किया करते हैं। तदनुसार आचार्य दण्डी ने भी अपने दशकुमारचरित नामक गद्यमय काव्यग्रन्थ के आरम्भ में भगवान् वामन के चरणारविन्द की वन्दना करते हुए उनके विभिन्न स्वरूपों का स्मरण किया है।

भावार्थ—भगवान् त्रिविक्रम = वामन का वह चरणकमलदण्ड आपका = पाठकों को

ज्योतिश्चक्राक्षदण्डस्त्रिभुवनविजयस्तम्भदण्डोऽङ्घ्रिदण्डः
श्रेयस्त्रैविक्रमस्ते वितरतु विबुधद्वेषिणां कालदण्डः ॥

स्तम्भः। शतधृतेः = ब्रह्मणः, भवनं = गृहम् आश्रयः यत् अम्भोरुहं = कमलम् तस्य नालदण्डः = वृन्तभूता यष्टिः। क्षोणी = पृथ्वी एव नौ = तरणिः तस्याः कूपदण्डः = गुणवृक्षः। क्षरन्ती = प्रवहमाना या अमरसरित् = आकाशगङ्गा सैव पट्टिका = पताका, तस्याः केतुदण्डः = ध्वजयष्टिः। ज्योतिषां = ग्रहनक्षत्रादीनां चक्रं = मण्डलं रथाङ्गं तस्य अक्षदण्डः = नाभिरूपकाष्ठदण्डविशेषः। त्रयाणां भुवनानां समाहारः त्रिभुवनं = त्रैलोक्यं तस्य विजयः = व्यापनरूपः, विजयसूचको वा स्तम्भदण्डः = त्रिलोकविजयसूचकः स्तम्भः। विबुधद्वेषिणां = दैत्यानां कालदण्डः = यमदण्डस्वरूपः। त्रयो विक्रमाः पादप्रक्षेपा यस्य स त्रिविक्रमः त्रिविक्रमस्य अयं त्रैविक्रमः = वामनावतारभगवद्विष्णुसम्बन्धी। अङ्घ्रिः = चरणः दण्ड इव, अङ्घ्रि-

---

कल्याण करे, जो ब्रह्माण्डरूपी छाते के दण्ड के समान है, अथवा ब्रह्माजी के उत्पत्तिस्थान कमल के नालदण्ड के समान है, या पृथ्वीरूपी नौका का कूपदण्ड=मस्तूल, गुनरखा के समान है, अथवा स्वर्ग से झरती हुई आकाशगङ्गारूपी पताका के ध्वजदण्ड के समान है, या ग्रहनक्षत्रमण्डलरूप रथचक्र=पहिये की धूरी के समान है, अथवा तीनों लोकों के जीतने के चिह्नस्वरूप स्तम्भ=खूँटा, विजयस्तम्भ के समान है, या असुरों के लिए काल-दण्ड=यमदण्ड के समान है।

विशेष—इस मङ्गलाचरणात्मक पद्य में आठ बार दण्ड शब्द का प्रयोग है और आरम्भ के तीन पादों में आदि से पाँचवें अक्षर के बाद छठा दण्ड शब्द आया है, किन्तु चतुर्थ पाद में पाँच अक्षरों के पश्चात् दण्ड शब्द नहीं है। सात जगह दण्ड है, पर तृतीय पाद में अङ्घ्रि के पूर्व दण्डों होने से स्वरूपक्रमभंग दोष आ गया है। भगवान् वामन के चरणकमल को दण्डस्वरूप मानकर सात रूपों में उसे व्यक्त करने का प्रयास है, जिससे यहाँ रूपकालङ्कार बन गया है। ब्रह्माण्डच्छत्रदण्डः, क्षोणीनौकूपदण्डः, क्षरदमरसरित्पाट्टिकाकेतुदण्डः इन तीनों [illegible] श्लिष्ट परम्परित रूपक है, जहाँ [illegible]ाक्षदण्डः में श्लिष्ट परम्परित रूपक है तथा अन्य शेष स्थलों में साधारण है।

पुराणों में यह कथा आयी है कि दैत्यराज बलि यज्ञद्वारा प्राप्त विशिष्ट शक्ति से सम्पन्न हो देवताओं को परास्त करने के बाद इन्द्र को हटाकर स्वयं स्वर्गाधिपति बन बैठा। अनन्तर देवमाता अदिति ने कश्यप जी से प्रार्थना की, कि हमारे पुत्र देवतागण दुःखी हैं। कृपया आप इनके दुःख को दूर करने का प्रयास करें। तदनुसार कश्यपजी भगवान् विष्णु की शरण में गये, अदिति ने व्रत-उपवास किया, उनकी आराधना से प्रसन्न हो भगवान् विष्णु स्वयं उनके पुत्र के रूप में अवतीर्ण हुए, जो वामनावतार कहे जाते हैं।

यज्ञोपवीत संस्कार हो जाने पर ब्रह्मचारी के वेश में भगवान् वामन भृगुकच्छ में राजा

(१) अस्ति समस्तनगरीनिकषायमाणा शश्वदगण्यपण्यविस्तारितमणिगणादि-वस्तुजातव्याख्यातरत्नाकरमाहात्म्या मगधदेशशेखरीभूता पुष्पपुरी नाम नगरी।

दण्डः = चरणदण्डः। ते = तुभ्यम्, तव वा श्रेयः = कल्याणं मङ्गलं वा वितरतु = ददातु। पद्येऽस्मिन् रूपकालङ्कारस्य संसृष्टिरस्ति। ब्रह्माण्ड-क्षोणी-स्वर्गङ्गासु छत्र-नौ-पट्टिकानामारोपः भगवद्वामनपादारविन्दे दण्ड-दण्डकूप-केतुदण्डत्वारोपे निमित्तमिति पारम्परितं रूपकं तच्चात्राश्लिष्टशब्दनिबन्धनम्। ज्योतिश्चक्राक्ष-दण्डेत्यत्र तु चक्रशब्दस्य श्लिष्टत्वात् श्लिष्टशब्दनिबन्धनम्। अन्यत्र तु केवलं निरङ्गं रूपकम्। तेषां च परस्परनिरपेक्षत्वाद् भवति संसृष्टिः। छन्दश्चात्र पद्ये विद्यते स्रग्धरा। तल्लक्षणं यथा—

'म्रभ्नैर्यानां त्रयेण त्रिमुनियतियुता स्रग्धरा कीर्तितेयम्।'

(१) अस्तीत्यस्य पुष्पपुरी नाम नगरीत्यनेन विद्यते सम्बन्धः। निकषः = कषणोपल इवाचरतीति निकषायमाणा, समस्तानां = सर्वासाम्, नगरीणां = पुरीणाम्, निकषायमाणा—सर्वश्रेष्ठत्वकषणोपलभूता। शश्वत्—निरन्तरम्, अगण्यैः—असंख्यैः, पण्यैः = विक्रेयैः, विस्तारितैः = विक्रयार्थप्रसारितैः, मणिगणादिवस्तु जातैः = रत्ननिचयादिद्रव्यसमूहैः, व्याख्यातं = प्रकटितम्, रत्नाकरस्य = समुद्रस्य, इव माहात्म्यं = महिमा, यस्याः सा = विविधरत्नपूरितपण्या। मगधस्य = कीकटस्य शेखरीभूताः = शिरोभूषणस्वरूपा, पुष्पपुरी = कुसुमपुरं, पाटलिपुत्रम्, नाम प्रसिद्धा नगरी = पुरी अस्ति = वर्तते।

बलि के पास उपस्थित हो गये, जहाँ शुक्राचार्यजी बलि का अश्वमेध यज्ञ करा रहे थे। यज्ञ में दीक्षित दैत्यराज बलि ने उस तेजस्वी वामन बटु के अपूर्व रूप को देखकर आश्चर्य-चकित हो उनका यथावत् सत्कार किया और अभीष्ट वस्तु माँगने का अनुरोध किया। फलतः वामन बटु ने उससे केवल तीन पैर पृथ्वी की याचना की। शुक्राचार्य के मना करने पर भी बड़ी प्रसन्नता से अपने को धन्य मानते हुए उसने उनकी याचना के अनुसार तीन पैर जमीन देने का संकल्प कर ही लिया।

अनन्तर छद्मवेशधारी उस वामन बटु ने देवताओं की कार्यसिद्धि के निमित्त तीनों लोकों को नापने के लिए अपने पैर को दण्ड बनाकर आकाश तक लम्बायमान कर दिया था। उस समय वह भगवान् वामन का चरण जैसा प्रतीत होता था, उसी का वर्णन इस मङ्गल श्लोक में कविवर आचार्य दण्डी द्वारा चित्रित किया गया है।

(१) विश्व की समस्त नगरियों को जाँचने की कसौटी तथा असंख्य दुकानों में फैलाकर रखे हुए मणियों (रत्न आदि) के द्वारा रत्नाकर (समुद्र) के रत्नों की महिमा को प्रकाशित करनेवाली मगध देश की शिरोभूषण पुष्पपुरी नाम की नगरी थी।

(२) तत्र वीरभटपटलोत्तरङ्गतुरङ्गकुञ्जरमकरभीषणसकलरिपुगणकटकजलनिधिमथनमन्दरायमाणसमुद्दण्डभुजदण्डः, पुरन्दरपुराङ्गणवनविहरणपरायणतरुणगणिकागणजेगीयमानयाऽतिमानया शरदिन्दुकुन्दघनसारनीहारहारमृणालमरालसुरगजनीरक्षीरगिरिशाट्टहासकैलासकाशनीकाशमूर्त्या रचितदिगन्तरालपूर्त्या कीर्त्याऽभितः सुरभितः, स्वर्लोकशिखरोरुरुचिररत्नरत्नाकरवेलामेखलायितधरणीरमणी-

---

(२) तत्र राजहंसो नाम भूपो बभूवेति सम्बन्धः। तत्र = पुष्पपुर्याम्, वीराणां = शूराणाम्, भटानां = योद्धानाम्, पटलेन = समूहेन, उत्तरङ्गा = उद्गतवीचयः उन्नताः तुरङ्गाः = अश्वाः, कुञ्जराः = गजाः, ते एव मकराः = नक्राः, जलजन्तुविशेषाः तैः, भीषणम् = भयङ्करम्, सकलानां = समस्तानाम्, रिपुगणानां = शत्रुसमूहानाम्, कटकं = सैन्यम्, जलनिधिः = समुद्र इव, तस्य मथने = विलोडने, मन्दरायमाणम् = मन्दराचल इवाचरन्, मन्थनदण्डस्वरूपः, समुद्दण्डः = समुन्नतः, भुजः = बाहुः, दण्ड इव यस्य सः। पुरन्दरस्य = इन्द्रस्य, पुरं = नगरम्, तस्य पुरन्दरपुरस्य = अमरावत्याः अङ्गणवने = चत्वरोद्याने, नन्दनवने = विहरणे = विहारे, परायणानां = तत्पराणानाम्, तरुणीनां = युवतीनाम्, गणिकानाम्, अप्सरसाम्, गणैः = समूहैः, जेगीयमानया = भूयो भूयः कीर्त्यमानया मुहुर्गीतया अति = अधिकं मानं = परिमाणं यस्याः सा तया अतिमानया = अपरिमितया, महत्या। शरदिन्दुः = शरत्कालीनः चन्द्रश्च, कुन्दं = माघ्यकुसुमं च, घनसारः = कर्पूरश्च, निहारः = हिमश्च, हारः = मौक्तिकमाला, मृणालं = बिसश्च, मरालः = हंसश्च, सुरगजः = इन्द्रवाहनमैरावतश्च, नीरं = जलं, क्षीरं = दुग्धञ्च, गिरीशस्य = महादेवस्य, अट्टहासः = हास्यविशेषश्च, कैलासः = रजतगिरिश्च, काशः = काशकुसुमश्च, तैः नीकाशा = तुल्या, मूर्तिः = स्वरूपं यस्याः सा तया = अतिस्वच्छया। रचिता = कृता, दिगन्तरालानां = दिगवकाशानाम्, पूर्तिः = पूर्णम्, यया सा तया = सर्वदिग्व्यापिन्या। कीर्त्या = यशसा, अभितः = समन्तात्, सुर-

---

(२) उस पुष्पपुरी में राजहंस नामक राजा रहते थे। उनके विशाल भुजदण्ड, वीरभटसमूह, चञ्चल घोड़े तथा बड़े-बड़े हाथीरूपी मगरों से भयङ्कर समस्त शत्रुमण्डल के सेनारूपी समुद्र को मथने के लिए मन्दराचल पर्वत के समान थे। उनकी कीर्ति चारों दिशाओं में व्याप्त थी, जिसे अमरावती के उद्यान (नन्दनवन) में विहार करनेवाली युवती अप्सराएँ बार-बार गाया करती थीं। उनकी वह अगणित कीर्तियाँ शरत्कालीन चन्द्रमा, कुन्दफूल, कपूर, बर्फ, मोतीमाला, कमलनाल, हंस, ऐरावत हाथी, जल, दुग्ध, शिवजी का अट्टहास कैलासपर्वत, काश नामक घास आदि श्वेत वस्तुओं के समान स्वच्छ थीं, जिनसे उनकी सर्वत्र ख्याति थी। वे राजहंस सुमेरुशिखर के समान मनोहर मणियों से

सौभाग्यभोगभाग्यवान्, अनवरतयागदक्षिणारक्षितशिष्टविशिष्टविद्यासम्भारभासुर-भूसुरनिकरः, विरचितारातिसंतापेन प्रतापेन सतततुलितवियन्मध्यहंसः, राजहंसो नाम घनदर्पकन्दर्पसौन्दर्यसोदर्यहृद्यनिरवद्यरूपो भूपो बभूव।

(३) तस्य वसुमती नाम सुमती लीलावतीकुलशेखरमणी रमणी बभूव।

मितः = अमोदितः, मनोज्ञः, स्वः = स्वर्गः, लोकः = आश्रयः येषां ते स्वर्लोकाः = देवाः तेषां स्वर्गवासिनां देवानां शिखरेषु = चूडासु, उरूणि = महान्ति, महार्हाणि, रुचिराणि = मनोहराणि, रत्नानि = मणयः यस्य तादृशस्य रत्नाकरस्य = समुद्रस्य वेलया = तटभूम्या, मेखला = काञ्ची, तयेवाचरिता मेखलायिता = वेष्टिता धरणी = पृथ्वी एव रमणी = कामिनी, तस्याः सौभाग्यस्य = सौन्दर्यैश्वर्यस्य च भोगे = उपभोगे भाग्यवान् = सौभाग्यशाली ससागरायाः वसुधायाः अधीश्वर इत्यर्थः। अनवरतं = निरन्तरम्, यो यागः = यज्ञानुष्ठानम्, तस्य दक्षिणाभिः = प्रदत्तपुरस्कार-द्रव्यविशेषैः, रक्षितः = पालितः, शिष्टानां = सदाचारपरायणानाम् शान्तप्रकृती-नाम्, विशिष्टेन = महता विद्यासम्भारेण = विद्याविस्तारेण, भासुराणां = दीप्तिमताम्, लब्धप्रतिष्ठानाम्, भूसुराणां = ब्राह्मणानाम्, निकरः = समूहः येन स तथाभूतः। विरचितः कृतः, अरातीनां = शत्रूणाम् सन्तापः = दुःखं येन स तेन तथाभूतेन प्रतापेन = तेजोविशेषेण। सततं = अनारतम्, तुलितः = समीकृतः, वियन्मध्यहंसः = वियतः = आकाशस्य मध्ये यो हंसः = सूर्यः, स, मध्याह्नसूर्यः। राजहंसो नाम = राजहंसाभिधानः, राजहंसेतिनाम प्रसिद्धः। घनः = सान्द्रः, दर्पः = अहङ्कारः, यस्य स घनदर्पः = रूपेणाप्रतिमः, यः कन्दर्पः = कामदेवः तस्य यत् सौन्दर्यं = रूपम्, तस्य सोदर्यं = सदृशम्, हृद्यं = मनोरमम्, निरवद्यम् = अनिन्द-नीयम्, निर्दोषम्, रूपं = स्वरूपं यस्य तादृशः, भूपः = राजा, बभूव = आसीत्।

(३) तस्य = राजहंसस्य, वसुमती नाम = वसुमतीनाम्नी, सुमतिः = शोभनबुद्धिशालिनी, लीलावतीनां = कामिनीनाम्, कुलस्य = मण्डलस्य, शेखर-मणिः = रत्नरूपा, रमणी = पत्नी, राज्ञी, बभूव = आसीत्।

संयुक्त रत्नाकर-समुद्र की वेलारूपा करधनी परिवेष्टित पृथ्वीरूपी कामिनी के सौन्दर्य-सौभाग्य का उपभोग करते हुए निरन्तर किये गये यज्ञों की दक्षिणाओं के द्वारा सदाचारी, विशेष शास्त्रज्ञान से तेजस्वी ब्राह्मणों की रक्षा करने में तत्पर रहा करते थे। साथ ही जो अपने प्रखर प्रताप से शत्रुसमूह के लिए सन्तापकारी मध्याह्नकालिक सूर्य के समान थे और सौन्दर्य में महाभिमानी कामदेव के सदृश मनोहर स्वरूप वाले थे।

(३) उस राजहंस की पत्नी का नाम वसुमती था और वह अत्यन्त बुद्धिमती एवं अत्यन्त सुन्दरी थी तथा स्त्रियों में मुकुटमणि थी। (वसुमती पृथ्वी का भी नाम है। अतः राजा राजहंस दोनों का उपभोग करते थे)।

(४) रोषरूक्षेण निटिलाक्षेण भस्मीकृतचेतने मकरकेतने तदा भयेनानवद्या वनितेति मत्वा तस्य रोलम्बावली केशजालम्, प्रेमाकरो रजनीकरो विजितारविन्दं वदनम्, जयध्वजायमानो मीनो जायायुतोऽक्षियुगलम्, सकलसैनिकाङ्गवीरो मलयसमीरो निःश्वासः, पथिकहृद्दलनकरवालः प्रवालश्चाधारबिम्बम्, जयशङ्खो बन्धुरा लावण्यधरा कन्धरा, पूर्णकुम्भौ चक्रवाकानुकारौ पयोधरौ, ज्यायमाने

---

(४) रोषेण = तपोभङ्गजनितेन क्रोधेन, रूक्षः = निष्ठुरः, तेन=तथाभूतेन, कोपनिष्ठुरेण । निटिले—भाले अक्षि यस्य स तेन निटिलेक्षणेन = ललाटस्थितनेत्रेण, भगवता शङ्करेण, भस्मीकृता—विनाशिता चेतना—चैतन्यं यस्य स तस्मिन् भस्मीकृतचेतने = दग्धे, मकरकेतने = कामदेवे, तदा = तस्मिन् काले, भयेन = सहसा, वनिता=कामिनी, अनवद्या—निर्दोषा । अतः सैवाश्रयणीया सर्वाङ्गसुन्दरी निर्दोषां तां महादेवोऽपि न धक्ष्यतीति निश्चित्य, तस्य = मदनस्य रोलम्बानां—भ्रमराणाम्, अवलीं = श्रेणी रोलम्बावली = भ्रमरपंक्तिः, अनङ्गस्य सहचरी मौर्वीरूपा । तस्याः = वसुमत्याः केशजालं = कुन्तलकलापः समभूदिव । प्रेम्णः आकरः = खनिः प्रेमाकरः = प्रीत्युत्पादकः, रजनीकरः—करोतीति करः रजन्याः करः रजनीकरः = चन्द्रमाः, कामस्य प्रधानसहायकः । विजितं = कान्त्या तिरस्कृतम्, अरविन्दं = कमलं येन तत् 'विजितारविन्दं = तिरस्कृतकमलम्, तस्य वदनं = मुखं (समभूदिव) जयध्वज इवाचरतीति जयध्वजायमानः = विजयपताकाध्वजदण्डसदृशः । जायया = स्वपत्न्या युतः मीनः = झषः, तस्याः अक्षियुगलं = नेत्रद्वयम् (समभवदिव) सकलेषु = समस्तेषु सैनिकेषु = कामदेवसैन्येषु मध्ये अङ्गवीरः = प्रधानभटः मलयसमीरः = दक्षिणानिलः, तस्याः निःश्वासः = प्राणवायुः, (समभूदिव) । पथिकानां = पान्थानाम्, हृदयस्य दलने = भेदने करवालः = कृपाणरूपः प्रवालः = नूतनपल्लवः, तस्या अधरबिम्बं = अधरोष्ठौ, (समभूताम्)

---

(४) यहाँ कवि की उत्प्रेक्षा विलक्षण है। तपस्या भङ्ग करने के उद्योग से क्रुद्ध हुए भगवान् शिव के तृतीय नेत्र से निर्गत अग्नि के द्वारा काम के भस्म हो जाने पर उसके सभी साधन भयभीत होकर, रानी वसुमती निर्दोष है, इसे भगवान् शङ्कर भी भस्म न कर सकेंगे। अतः इसी का आश्रय करना चाहिए। ऐसा समझकर मानो वे अपने-अपने स्वरूप के अनुसार वसुमती के प्रत्येक अङ्गों में छिप गये। जैसे—मौर्वी=धनुष की डोरी रूपी भौंरों की श्रेणी ने उसके काले केशों में, प्रेम के आकर चन्द्रमा ने कमलों को तिरस्कृत करनेवाले उसके मुख में, काम के विजयध्वज सपत्नीक मत्स्य ने दोनों नेत्रों में, काम के सैनिकों में प्रधान सेनानायक मलयमारुत ने उसके मुख में, पथिकों के हृदय को विदीर्ण करनेवाले तलवार के सदृश लाल-लाल पल्लवों ने उसके होठों में, विजयध्वनि करनेवाले कामदेव के शङ्ख के ऊँचे-

मार्दवासमाने विलसते च बाहू, ईषदुत्फुल्ललीलावतंसकह्लारकोरकौ गङ्गावर्तसनाभिर्नाभिः, दूरीकृतयोगिमनोरथो जैत्ररथोऽतिघनं जघनम्, जयस्तम्भभूते सौन्दर्यभूते विघ्नितयतिजनारम्भे रम्भे चोरुयुगम्, आतपत्रसहस्रपत्रं पादद्वयम्, अस्त्रभूतानि प्रसूनानि तानीतराण्यङ्गानि च समभूवन्निव ।

जयशङ्खः = कामस्य विजयध्वनिकारकः शङ्खः, बन्धुरा = उन्नतावनता, लावण्यधरा = धरतीति धरा लावण्यस्य धरा लावण्यधरा, सौन्दर्यशालिनी, लावण्यपूर्णा, तस्याः कन्धरा = ग्रीवा, पूर्णकुम्भौ कामविजययात्रायामपेक्षितौ जलपूर्णकलशौ, चक्रवाकं = पक्षिविशेषम् अनुकुरुत इति चक्रवाकानुकारौ = चक्रवाकसदृशौ तस्याः पयोधरौ स्तनौ (समभूताम्) ज्या = धनुर्गुणं इवाचरत इति ज्यायमाने = मौर्वीसदृश्यौ मार्दवे = सौकुमार्ये असमाने = अतुलनीये, अतिकोमले विसलते = मृणालद्वयम् तस्याः बाहू = भुजौ (समभूताम्) ईषत्फुल्लः = स्वल्पविकसितः लीलावतंसः = कामस्य विलासभूषणभूतः कह्लारकोरकः = सौगन्धिककुड्मलः, गङ्गाया आवर्तः = जलभङ्गः तस्य सनाभिः = सदृशः, तस्याः नाभिः (समभूदिव) दूरीकृतः = अपनीतः योगिनां मनोरथः = योगाभिलाषः येन स दूरीकृतयोगिमनोरथः = तपश्चारिणां तपो भ्रंशकारकः, जैत्ररथः कामस्य = जयनशीलो रथः कामस्य अतिघनं = अतिनिविडम्, विशालम्, तस्या जघनम् = कटिपुरोभागः । जयस्तम्भभूते = मदनस्य विजयस्तम्भस्वरूपे, सौन्दर्यभूते = मनोरमत्वमधिगते, विघ्नितः = विघ्नयुक्तः कृतः यतिजनानां = संयमिनाम्, योगाभ्यासिनाम् आरम्भः = योगाभ्यासोद्यमो याभ्यां ते, विघ्नितयतिजनारम्भे, रम्भे = कदल्यौ, तस्या उरुद्वयं = सक्थियुगलम् (समभूतामिव) आतपत्रं = छत्रं तद्रूपं कामस्य सहस्रपत्रं = कमलम्, तस्याः पादद्वयं = चरणयुगलम् । तानि = प्रसिद्धानि, अस्त्रभूतानि = कामस्य बाणभूतानि, प्रसूनानि = पुष्पाणि अरविन्दादीनि, इतराणि = पूर्ववर्णितभिन्नानि अन्यानि तस्या अङ्गानि = उदरादीनि समभूवन्निव, जातानीव ।

नीचे एवं सौन्दर्यशाली लावण्य ने कण्ठ में, कामदेव की विजययात्रा में अपेक्षित जलपूर्ण कलशों ने चक्रवाक पक्षी के सदृश उसके स्तनों में, कामधनुष की प्रत्यञ्चा ने जो कोमलता में मृणालयुग्म के समान थी, वसुमती की दोनों भुजाओं में, कामदेव के विलासभूषणरूप अधखिले कमलकोरक ने गङ्गावर्त के सदृश भँवरदार उसकी नाभि में, योगियों के ध्यानाभिलाष को दूर करनेवाले कामदेव के जैत्र रथ ने अत्यन्त सटे हुए उसके जघनस्थल में, मुनियों के योगाभ्यास में बाधा उपस्थित करनेवाले केले के खम्भों ने उसकी जाँघों में, कामदेव के छत्र के समान कमल ने उसके दोनों पैरों में आश्रय लिया तथा अन्य पुष्पों ने, जो काम के अस्त्र बने थे, वसुमती के शेष अङ्गों में आ छिपे । अर्थात् वसुमती के मुख इत्यादि चन्द्रमा आदि के सदृश अत्यन्त सुन्दर थे । इस प्रकार वह लोकोत्तर सुन्दरी थी ।

(५) विजितामरपुरे पुष्पपुरे निवसता सानन्तभोगलालिता वसुमती वसुमतीव मगधराजेन यथासुखमन्वभावि ।

(६) तस्य राज्ञः परमविधेया धर्मपालपद्मोद्भवसितवर्मनामधेया धीरधिषणावधीरितविबुधाचार्यविचार्यकार्यसाहित्याः कुलामात्यास्त्रयोऽभूवन् ।

(७) तेषां सितवर्मणः सुमति-सत्यवर्माणौ, धर्मपालस्य सुमन्त्र-सुमित्र-कामपालाः, पद्मोद्भवस्य सुश्रुत-रत्नोद्भवाविति तनयाः समभूवन् ।

---

(५) विजितं = समृद्धया तिरस्कृतम्, अमरपुरम् = इन्द्रपुरं स्वर्गं येन तत् तस्मिन् विजितामरपुरे = तिरस्कृतस्वर्गे, पुष्पपुरे = पाटलिपुत्रनगरे । निवसता = वासं कुर्वता । नास्ति अन्तो यस्मिन् स अनन्तः अनन्तश्चासौ भोगः अनन्तभोगः, अनन्तभोगेन लालिता अनन्तभोगलालिता यद्वा अनन्तसुखवर्द्धिता, वसुमतीव = पृथ्वीव सा वसुमती = राजमहिषी अनन्तस्य = वासुकेः भोगेन = फणेन, मस्तकेन लालिता = धृता अनन्तभोगलालिता मगधराजेन = मगधनृपतिना राजहंसेन सुखमनतिक्रम्य यथासुखम् = सुखपूर्वकम् अन्वभावि = संभुक्ता ।

(६) तस्य राज्ञः = मगधराजस्य राजहंसस्य । परमविधेयाः = परमाश्च ते विधेयाः परमविधेयाः = अतिविनीताः । धर्मपालश्च पद्मोद्भवश्च सितवर्मा चेति नामधेयं येषां ते धर्मपाल-पद्मोद्भव सितवर्मनामधेयाः = धर्मपाल-पद्मोद्भव-सितवर्मनामानः । धीराभिः = गम्भीराभिः, धिषणाभिः = बुद्धिभिः अवधीरितानि = तिरस्कृतानि विबुधाचार्यस्य = देवगुरोः बृहस्पतेः विचार्याणां = विचारयितुं योग्यानाम् कार्याणां साहित्याः = समूहाः यैस्ते धीरधीषणावधीरितविबुधाचार्यकार्यसाहित्याः = अतीवगम्भीरबुद्धयः । कुलामात्याः = वंशपरम्परागतमन्त्रिणः । त्रयोऽभूवन् = त्रिसंख्याका आसन् ।

(७) तेषां = वंशपरम्परागतमन्त्रिणाम्, मध्ये सितवर्मणः = सितवर्मनामधेयस्य मन्त्रिणः सुमतिसत्यवर्माणौ = सुमतिसत्यवर्मनामकौ द्वौ तनयौ समभूताम् ।

---

(५) अपने ऐश्वर्य, सौन्दर्य एवं सम्पत्ति से इन्द्रपुरी को भी जीतनेवाली उस पुष्पपुरी में निवास करते हुए मगधराज राजहंस ने अनन्त=शेषनाग के भोग=फणों से लालित=धारण की हुई पृथ्वी के समान अनन्त सुख-सामग्रियों से पालित रानी वसुमती के साथ सुखपूर्वक विहार किया ।

(६) उस मगधराज राजहंस के अतिविनीत और अपनी गम्भीर बुद्धि से देवगुरु बृहस्पति को भी विचारणीय कार्यों में मात करनेवाले धर्मपाल, पद्मोद्भव और सितवर्मा नाम के तीन कुलपरम्परागत मन्त्री थे ।

(७) उन मन्त्रियों में सितवर्मा के सुमति और सत्यवर्मा, धर्मपाल के सुमंत्र, सुमित्र

(८) तेषु धर्मशीलः सत्यवर्मा संसारासारतां बुद्ध्वा तीर्थयात्राभिलाषी देशान्तरमगमत्।

(९) विटनटवारनारीपरायणो दुर्विनीतः कामपालो जनकाग्रजन्मनोः शासनमतिक्रम्य भुवं बभ्राम।

(१०) रत्नोद्भवोऽपि वाणिज्यनिपुणतया पारावारतरणमकरोत्।

(११) इतरे मन्त्रिसूनवः पुरन्दरपुरातिथिषु पितृषु यथापूर्वमन्वतिष्ठन्।

धर्मपालस्य = धर्मपालनामकमन्त्रिणः, सुमन्त्र-सुमित्र-कामपालाः = सुमन्त्र-सुमित्र-कामपालनामकाः तनया अभूवन्। पद्मोद्भवस्य = पद्मोद्भवनामकस्य मन्त्रिणः, सुश्रुतरत्नोद्भवौ = तत्तन्नामानौ द्वौ तनयौ समभूताम्।

(८) तेषु = सप्तसु अमात्यपुत्रेषु, धर्मशीलः = धर्मात्मा सत्यवर्मा सितवर्मणो द्वितीयः पुत्रः संसारस्य = जगतः असारतां = नश्वरतया तुच्छताम्, बुद्ध्वा = मत्वा, तीर्थयात्राभिलाषी—तीर्थस्य = पुण्यभूमेः यात्रायाः अभिलाषोऽस्यास्तीति तीर्थयात्राभिलाषी = तीर्थयात्रेच्छुकः। देशान्तरं = अन्यं देशम्, अगमत् = अगच्छत्।

(९) विटः = धूर्तः, नटः = शैलूषः, वारनारी = वेश्या, तासु परायणः = तत्पर आसक्तः, दुर्विनीतः = अशिष्टः, धर्मपालस्य तृतीयः पुत्रः कामपालः। जनकाग्रजन्मनोः = पितुरग्रजस्य च, शासनम् = आदेशम्, अतिक्रम्य = उल्लङ्घ्य भुवं = पृथ्वीम्, बभ्राम = संचचार।

(१०) रत्नोद्भवः = पद्मोद्भवस्य द्वितीयपुत्रोऽपि वाणिज्यनिपुणतया = व्यापारक्षमतया। पारावारस्य = समुद्रस्य तरणं = पारगमनम्, अकरोत् = अकार्षीत्।

(११) इतरे = अन्ये चत्वारः, मन्त्रिसूनवः = अमात्यपुत्राः, सुमति-सुमन्त्र-सुमित्र-सुश्रुताः। पुरन्दरस्य = इन्द्रस्य पुरं = नगरं स्वर्गः तस्य पुरन्दरपुरस्य = स्वर्गस्य अतिथिषु = प्राघुणिकेषु मृतेषु पितृषु = जनकेषु पूर्वमनतिक्रम्य यथापूर्वम् = पितृपरम्परानुक्रमेण। अन्वतिष्ठन् = मन्त्रित्वमकुर्वन्।

एवं कामपाल तथा पद्मोद्भव के सुश्रुत और रत्नोद्भव नामक पुत्र हुए।

(८) उन पुत्रों में धर्मशील सत्यवर्मा संसार को असार समझकर तीर्थाटन की कामना से देशान्तर में चला गया।

(९) कामपाल नटों, धूर्तों और वेश्याओं के सम्पर्क में आकर उद्दण्ड के समान बड़े भाइयों तथा पिता की शिक्षाओं को न मानकर पृथ्वी पर इधर-उधर घूमने लगा।

(१०) रत्नोद्भव व्यापार में कुशल होकर समुद्र पार कर द्वीपान्तर में चला गया।

(११) शेष सुमति, सुमन्त्र, सुमित्र तथा सुश्रुत ये चार मन्त्रिपुत्र अपने-अपने पिताओं की मृत्यु के बाद पूर्व की भाँति अपने-अपने पिताओं के पद पर कार्य करने लगे।

(१२) ततः कदाचिन्नानाविधमहदायुधनैपुण्यरचितागण्यजन्यराजन्यमौलिपालिनिहितनिशितसायको मगधनायको मालवेश्वरं प्रत्यग्रसङ्ग्रामघस्मरं समुत्कटमानसारं मानसारं प्रति सहेलं न्यक्कृतजलधिनिर्घोषाहङ्कारेण भेरीझङ्कारेण हठिकाकर्णनाक्रान्तभयचण्डिमानं दिग्दन्तावलवलयं विघूर्णयन्निजभरनमन्मेदिनीभरणायस्तभुजगराजमस्तकबलेन चतुरङ्गबलेन संयुक्तः सङ्ग्रामाभिलाषेण रोषेण महताऽऽविष्टो निर्ययौ।

(१२) ततः = तदनन्तरम्, कदाचित् = एकदा, नानाविधानां = अनेकप्रकाराणाम्, महतां = विशालानाम्, आयुधानाम् = अस्त्राणाम्, नैपुण्येन = प्रयोगकौशलेन, रचितेषु = सम्पादितेषु, अगण्येषु = असंख्येषु, जन्येषु = युद्धेषु राजन्यानां = क्षत्रियाणाम्, मौलिपालिषु = किरीटप्रान्तभागेषु, निहिताः = निक्षिप्ताः, निशिताः = तीक्ष्णाः, सायकाः = बाणा येन सः = विजितानेकभूपालः। मगधनायकः = मगधेश्वरः राजहंसः, मालवेश्वरं = मालवाधिपतिम्, प्रत्यग्रे = नवीने, संग्रामे = युद्धे, घस्मरं = शत्रुभक्षणशीलम्, प्रत्यग्रसंग्रामघस्मरं = अभिनवे रणे जयशालिनम्। समुत्कटः = अतिशयितः, मानः = बलगर्वः एव सारः सारांशो यस्य स तं समुत्कटमानसारम्, मानसारं = मानसारनामकं राजानम् प्रति = लक्ष्यीकृत्य, सहेलं = सावज्ञम् न्यक्कृतः = तिरस्कृतः, जलधेः = समुद्रस्य निर्घोषाहङ्कारः = निर्घोषविषयेऽभिमानः येन स तेन ताहशेन भेर्याः = दुन्दुभेः, झङ्कारः = शब्दः तेन भेरीझङ्कारेण = दुन्दुभिवादेन। हठिकस्य = सहसागतस्य शब्दस्य आकर्णनात् = श्रवणात् आक्रान्तः = प्राप्तः भयस्य = भीतेः चण्डिमा = उग्रत्वं यस्य स तथाभूतम्। दिक्षु स्थिता ये दन्तावलाः = दिग्गजाः ऐरावतादयः, तेषां वलयं = मण्डलम्। विघूर्णयन् = कम्पयन्। निजस्य = स्वस्य, भरेण = भारेण, नमन्त्याः = अधो गच्छन्त्याः, मेदिन्याः = पृथिव्याः, भरेण = भारेण, आक्रान्तं = क्लिष्टम् अतिपीडितम्, भुजगराजस्य = वासुकेः, मस्तकबलं = शिरः सामर्थ्यं येन यथोक्तेन चतुरङ्गबलेन = चत्वारि अङ्गानि यस्य तच्चतुरङ्गं, चतुरङ्गं यद् बलं चतुरङ्गबलं तेन चतुरङ्गबलेन = गज-वाजि-रथ-पदाति-

(१२) कुछ दिनों के बाद एक समय अनेक प्रकार के बड़े-बड़े शस्त्रों की कलाओं में कुशल तथा कई बार किये गये युद्धों में क्षत्रिय राजाओं के मुकुटों के तीक्ष्ण बाणों का निशान मारनेवाले मगधाधिपति राजहंस कुछ दिन पहले संग्राम में विजय प्राप्त करने के कारण अत्यभिमानी मालवेश्वर मानसार के ऊपर अवज्ञापूर्वक अत्यन्त क्रुद्ध होकर समुद्र के गम्भीर गर्जनों को दबानेवाले नगाड़े के शब्दों को सहसा सुनकर भयभीत दिग्गजों को कँपानेवाले, अपने भार से दबी हुई पृथ्वी के भार से भुजगराज वासुकि के मस्तक

(१३) मालवनाथोऽप्यनेकानेकपयूथसनाथो विग्रहः सविग्रह इव साग्रहो-ऽभिमुखीभूय भूयो निर्जगाम।

(१४) तयोरथ रथतुरगखुरक्षुण्णक्षोणीसमुद्भूते करिघटाकटस्रवन्मदधाराधौत-मूले नव्यवल्लभवरणागतदिव्यकन्याजनजवनिकापटमण्डप इव वियत्तलव्याकुले धूलीपटले द्विपपद्ध्वनि धिक्कृतान्यध्वनिपटहध्वानबधिरिताशेषदिगन्तरालं शस्त्रा-शस्त्रि हस्ताहस्ति परस्पराभिहतसैन्यं जन्यमजनि।

रूपेण चतुर्विधसैन्येन "हस्त्यश्वरथपादाति सेनाङ्गं स्याच्चतुर्विधम्" इत्यमरसिंहः। संयुतः = सहितः, संग्रामस्य = युद्धस्य अभिलाषः = मनोरथः तेन संग्रामाभिलाषेण रोषेण = क्रोधेन, आविष्टः = समाक्रान्तः सन् निर्ययौ = निर्जगाम।

(१३) मालवनाथः = मानसारः अपि अनेकानेकपयूथसनाथः = अनेकेषां बहूनाम्, अनेकपानां = हस्तिनाम्, यूथेन = समूहेन सनाथः = युक्तः द्विरदोऽनेकपो-द्विपः' इत्यमरसिंहः। विग्रहः = संग्रामः, सविग्रहः = सशरीरः, मूर्तिमान् इव साग्रहः = साभिलाषः युद्धाभिनिवेशवान्, भूयः = पुनरपि, अभिमुखीभूय:-सम्मुखो भूत्वा, निर्जगाम = निर्ययौ।

(१४) अथ-निर्गमनानन्तरम्। तयोः = मगधराज-मालवेश्वरयोः राजहंस-मानसारयोः, रथैः = रथचक्रैः, तुरगाणाम्-अश्वानां, खुरैः = शफैश्च, क्षुण्णायाः-पिष्टायाः क्षोण्याः = पृथिव्याः समुद्भूते = उत्थिते, उत्पन्ने, धूलीपटले इत्यग्रिमेण सम्बन्धः। करिघटानां = हस्तिसमूहानाम्, कटेभ्यः-गण्डस्थलेभ्यः स्रवन्त्या = क्षरन्त्याः मदधारया = मदजलप्रवाहेण धौतं = क्षालितम्, मूलं = मूलप्रदेशः यस्य स तस्मिन् तथाभूते। नव्यवल्लभानां - अभिनवरमणीनाम्, वरणाय-स्वीकाराय आगतानां = युद्धक्षेत्रे समागतानाम्, दिव्यकन्याजनानां-अप्सरसाम्, जवनिकाय = तिरस्करिण्या युक्तः, पटमण्डपः = पटवासः तस्मिन्निव वियत्तलव्याकुले-आकाश-

---

को व्यथित करनेवाली सुसज्जित चतुरङ्गिणी (हाथी, घोड़े, रथ एवं पैदल) सेना लेकर युद्ध करने के लिए निकल पड़े।

